## पुलिस ग्राउंड में पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने फहराया राष्ट्र ध्वज, ली परेड की सलामी

# जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस



हरिभूमि जबलपुर।

सोमवार को राष्ट्र का 77 वाँ गणतंत्र दिवस जिले भर में हर्षोल्लास से मनाया गया। गणतंत्र दिवस का जिले का मुख्य समारोह यहां पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया, जहां मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली। गणतंत्र दिवस के जिले के मुख्य समारोह में राष्ट्र ध्वज तिरंगा फहराने के बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सपंतिया उइके ने कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के साथ परेड का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रदेश की जनता के नाम गणतंत्र दिवस के संदेश का वाचन किया। सशस्त्र बलों ने हर्षफायर किये तथा छठवीं बटालियन के बैंड दल द्वारा राष्ट्रगान की धुन बजाई गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती उइके ने तिरंगे के तीन रंगों के गुब्बारे मुक्त आकाश में छोड़े। समारोह में परेड द्वारा शानदार मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया। मार्चपास्ट में आईटीबीपी, एसटीएफ छठवीं वाहिनी, क्यूआरएफ छठवीं वाहिनी, होमगार्ड, जिला पुलिस बल पुरूष, नेशनल कैडेट कोर की नेवल यूनिट, नेशनल कैडेट कोर की सीनियर तथा जूनियर डिवीजन की बालक एवं बालिका, स्काउट एवं गाईड तथा शौर्य दल की प्लाटून शामिल थीं। परेड का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी शुभम सिंह ठाकुर ने किया। परेड के उप कमांडर सूबेदार अमित शिववंशी थे। मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती उइके ने परेड की सलामी ली तथा मार्चपास्ट के बाद प्लाटून कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों एवं लोकतंत्र सेनानियों का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान भी किया।





### प्रस्तुत किए आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम

गणतंत्र दिवस की 76वीं वर्षगांठ पर आयोजित जिले के मुख्य समारोह में शालेय छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भारत की विविध सांस्कृतिक विशेषताओं से परिचय कराते हुए इन बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

### कृषि विभाग की झांकी को प्रथम पुरूस्कार

मुख्य समारोह में राज्य शासन के तेरह शासकीय विभागों जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र और जनजातीय कार्य विभाग, कृषि विभाग, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस केन्द्रीय जेल, नगर निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, महिला एवं बाल विकास विभाग, यातायात पुलिस, जिला पंचायत, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय विभाग तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े विषयों पर केन्द्रित आकर्षक झांकियां निकाली गई। झांकियों में ''जैविक हाट की है आहट'की थीम पर अधारित कृषि विभाग की झांकी को पहला पुरूस्कार प्राप्त हुआ। जबकि यातायात विभाग की यातायात नियमों के प्रति जागरूकता पैदा करने पर केन्द्रित झांकी तथा सजा भुगत रहे माता-पिता के साथ मजबूरन जेल के अंदर रहने वाले बच्चों की स्थिति और दशा को प्रदर्शित करती केन्द्रीय जेल की झांकी ''गुड़िया'' को संयुक्त रूप से दूसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ। झांकियों के लिए तीसरा पुरस्कार शिक्षा विभाग की'आधार से आकाश तक'' तथा नगर निगम की ''वेस्ट टू एनर्जी प्लांट'' की झांकी को संयुक्त रूप से दिया गया।

### मार्च पास्ट में आईटीबीपी की प्लाटून अव्वल

मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके द्वारा समारोह में प्रस्तुत आकर्षक मार्च पास्ट के लिए सशस्त्र प्लाटूनों में आईटीबीपी की प्लाटून को पहला, एसटीएफ छटवी वाहिनी की प्लाटून को दूसरा तथा जिला पुलिस बल (पुरूष) की प्लाटून को तीसरा पुरूस्कार प्राप्त हुआ। इसी प्रकार बिना शस्त्र प्लाटूनों में एनसीसी गर्ल्स सीनियर विंग की प्लाटून को पहला, शौर्य दल की प्लाटून को दूसरा तथा एनसीसी नेवल प्लाटून को तीसरा पुरूस्कार प्राप्त हुआ। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता करने वाले सभी शालाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। समारोह में उत्कृष्ट कार्यों के लिए शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों एवं पुलिस जवानों को भी मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। समारोह में परेड का नेतृत्व करने के लिए परेड कमांडर शुभम सिंह ठाकुर को तथा छठवीं बटालियन के बैंड दल के शानदार प्रदर्शन पर सहायक उप निरीक्षक मनोज बरार को भी शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।



**जबलपुर।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर युवा एकता संघ द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया कर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में युएसं के अध्यक्ष डॉ दीनदयाल बड़गैंया, अधिवक्ता विनोद डांगे, बिंदा प्रसाद बड़गैंया, रामेश्वर गौतेल, गुरूदास, टेकचंद अधिकारी, शेखर अन्ना, गनेश प्रसाद, सुनील मलिक आदि उपस्थित रहे।

### ये रहे उपस्थित

गणतंत्र दिवस के जिले के मुख्य समारोह में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, संभागायुक्त धनंजय सिंह, पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद वर्मा, पुलिस उप महानिरीक्षक अतुल सिंह, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, एसपी संपत उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्कूल बच्चे मौजूद थे।

## पश्चिम मध्य रेलवे में सुरक्षा, समयपालन और विकास कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में रेलवे परिचालन की सुरक्षा, समयपालन और विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रवीन खोराना, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नीरज कुमार सहित मुख्यालय के विभाग प्रमुख और मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर, भोपाल और कोटा शामिल हुए। बैठक में SPAD घटनाओं की रोकथाम, ट्रेनों की समयपालन, एसेट फेल्योर में कमी, भीड़ प्रबंधन, अमृत भारत स्टेशन योजना और दिव्यांगजन सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। महाप्रबंधक ने निर्देश दिए कि सभी मंडलों में निवारक अनुरक्षण, स्टाफ प्रशिक्षण, प्लेटफॉर्म सुधार, रैम्प, लिफ्ट और दिव्यांग अनुकूल शौचालय जैसी सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जाए। इसके अतिरिक्त, स्वीकृत विकास एवं संरक्षा कार्यों की समयबद्ध निगरानी और मंडलों के बीच समन्वय बैठकों के आयोजन पर जोर दिया गया। महाप्रबंधक ने रेलवे अधिकारियों को "सुरक्षा एवं सुरक्षा प्रथम, समयपालन सर्वोपरि" नीति के पालन और यात्रियों को सुरक्षित एवं समयबद्ध सेवाएँ प्रदान करने का निर्देश दिया।






## आर्थराइटिस जागरूकता के लिए होगा 1 फरवरी को वॉकाथॉन 6.0

**जबलपुर।** बोन एंड जॉइंट वेलनेस क्लिनिक द्वारा आगामी रविवार, 1 फरवरी 2026 को सुबह 7:30 बजे से वॉकाथॉन 6.0 का आयोजन किया जाएगा। यह पहल आर्थराइटिस से जूझ चुके और जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद दर्द मुक्त जीवन जी रहे मरीजों को मोटिवेशन और प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से की जा रही है। क्लिनिक से शुरू होकर गोल बाजार का राउंड लगाने के बाद रैली क्लिनिक में ही समाप्त होगी। इस कार्यक्रम में लगभग 500 पोस्ट-जॉइंट रिप्लेसमेंट मरीजों के शामिल होने की उम्मीद है। आयोजकों का संदेश है कि किसी को भी इस बीमारी से डरने की आवश्यकता नहीं है और दर्द मुक्त जीवन जिया जा सकता है। इस पहल की शुरुआत डॉ. अमित जय कुमार जैन (कोटवाले) ने की थी, जो अब तक 23,000 से अधिक सफल जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी कर चुके हैं। कार्यक्रम में डॉ. जैन के साथ डॉ. चांदनी, डॉ. प्रिंस शर्मा, डॉ. धरिद्र सिंह पटेल, अंकिता पांडे और फिजियोथैरेपी स्टाफ मौजूद रहेंगे।

# विराट हिन्दू सम्मेलनः महाराजपुर बस्ती में दिखा सनातन एकता का प्रदर्शन

**जबलपुर।** कृषि नगर भाग के महाराजपुर बस्ती में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सनातन परिवारों सहित सभी समाज वर्गों के लोगों ने एकत्र होकर हिन्दू एकता, समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों का सशक्त संदेश दिया। सम्मेलन के अंतर्गत पंच परिवर्तन कार्यक्रमों के तहत गौ पूजन, हनुमान चालीसा पाठ, देशभक्ति नृत्य, भूमिपूजन एवं कन्या पूजन संपन्न हुआ। साथ ही मेधावी छात्रों एवं विश्वस्तर पर भारत का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर भारत माता की आरती एवं भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि एवं वक्ता सह भाग कार्यवाह श्रीमान गोविंद सोनी जी तथा परम पूज्य गुरु कृष्णधाम ब्रह्म नाथ जी ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से उपस्थित जनसमूह को मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम में विशेष सान्निध्य कृषि नगर भाग संचालक अनिल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, विनायक, राजू सेन का प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के संयोजक दिनेश पटेल, भगवान सिंह ठाकुर, अजय मिश्र, संतोष भार्गव सहित सह प्रभारी भाजपा पूर्व मंडल कुणाल सिंह पटेल, जगदीश कोरी, संतोष दुबे, राजेंद्र सिंह ठाकुर, अनिल सिंह, अंचल, एडवोकेट चिंटू पटेल, पवन पटेल, बिरसा, लक्ष्मण पाठक, मोहित, मनीष एवं सभी प्रमुख स्वयंसेवक बंधुओं का विशेष सहयोग रहा। सभी कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों के सामूहिक प्रयास से यह हिन्दू सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और समाज में सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ किया।



## प्रदेश के सुविख्यात नृत्य कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

# भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों पर एकाग्र घुंघरू समारोह 28 एवं 29 जनवरी को

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग, उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी द्वारा जिला प्रशासन - जबलपुर के सहयोग से भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों पर एकाय प्रतिष्ठापूर्ण घुंघरू समारोह का आयोजन 28 एवं 29 जनवरी, 2026 को महाकौशल शहीद स्मारक, जबलपुर में किया जा रहा है। प्रतिदिन सायं 7 बजे से आयोजित होने वाले इस समारोह में मध्यप्रदेश के सुविख्यात भारतीय शास्त्रीय नृत्य कलाकार अपनी नृत्य प्रस्तुतियां देंगे। उस्ताद अलाउद्दीन खॉ संगीत एवं कला अकादमी के निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि भारतीय शास्त्रीय नृत्यों पर केन्द्रित यह समारोह नृत्य साधना, परम्परा और सृजनात्मक अभिव्यक्ति का सजीव उत्सव होगा। इसमें कथक एवं भरतनाट्यम नृत्य शैलियों की मनोहारी प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को भारतीय सांस्कृतिक विरासत की समृद्ध परम्परा से अवगत होने का अवसर मिलेगा। समारोह का उद्देश्य शास्त्रीय नृत्य कला के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार के साथ-साथ युवा पीढ़ी को इस विधा से जोड़ना भी है। कला प्रेमियों के लिए यह आयोजन एक अविस्मरणीय अनुभव सिद्ध होगा, जिसमें संगीत, लय और भाव का अनुपम संगम देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय इस प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन में प्रथम दिवस 28 जनवरी, 2026 को सुश्री साक्षी शर्मा एवं साथी, ग्वालियर का कथक समूह नृत्य होगा। तत्पश्चात सुश्री नीरजा सक्सेना एवं साथी, भोपाल क भरतनाट्यम समूह नृत्य होगा। प्रथम दिवस की अंतिम प्रस्तुति सुश्री वी. अनुराधा सिंह एवं साथी, भोपाल द्वारा कथक समूह नृत्य की प्रस्तुति होगी। घुंघरू समारोह के द्वितीय दिवस 29 जनवरी, 2026 को प्रथम प्रस्तुति सुश्री भैरवी विश्वरूप एवं साथ जबलपुर द्वारा कथक समूह नृत्य की प्रस्तुति दी जायेगी। तत्पश्चात सुश्री अरुक्शा नायक एवं साथी, जबलप द्वारा भरतनाट्यम समूह नृत्य की प्रस्तुति दी जायेगी। द्वितीय दिवस की अंतिम प्रस्तुति नृत्याराधना नृ मंदिर संस्थान, उज्जैन द्वारा कथक समूह नृत्य की प्रस्तुति होगी।



*कनिष्ठ अधिकारी को सीएमएचओ बनाने का आदेश अनुचित पाते हुए किया निरस्त*

## वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी को सीएमएचओ का प्रभार दें : हाई कोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में साफ सरकार के 2021 के परिपत्र के अनुसार वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सीएमएचओ का प्रभार दें। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने कनिष्ठ अधिकारी डा. गगन गोल्हे को सीएमएचओ बनाने का आदेश अनुचित पाते हुए निरस्त कर दिया। कोर्ट ने कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता वरिष्ठ है, इसलिए फ्रेश आदेश जारी कर उसे प्रभार दें। याचिकाकर्ता छिंदवाड़ा निवासी डा. नरेश गोन्नाडे की ओर से दलील दी गई कि सरकार ने 24 फरवरी, 2021 को एक परिपत्र जारी कर यह व्यवस्था दी थी कि सीएमएचओ का प्रभार वरिष्ठ विशेषज्ञ जिला स्वास्थ्य अधिकारी को दिया जाएगा। वरिष्ठता की गणना चिकित्सा अधिकारी के पद पर पहली नियुक्ति की तिथि से की जाएगी। याचिकाकर्ता सबसे वरिष्ठ डीएचओ थे, इसलिए उन्हें छिंदवाड़ा के सीएमएचओ का प्रभार दिया गया था। बाद में सरकार ने नया आदेश जारी कर भोपाल के डा. गगन को उक्त प्रभार दे दिया। यह दलील भी दी गई कि विशेषज्ञों की सेवाएं अस्पतालों, क्लीनिकों, आपरेशन थिएटरों में उपचार के उद्देश्य से उपयोग की जाएंगी। केवल 25 प्रतिशत चिकित्सा विशेषज्ञों को ही सीएमएचओ के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

### छात्र संघ का प्रदर्शन, सवर्ण समाज का ज्ञापन आज

## यूजीसी के नए कानून पर बवाल

**जबलपुर।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा बनाए गए काले कानून को लेकर विरोध शुरु हो गया। सवर्ण समाज सड़कों पर उतर आए वहीं छात्र संगठन भी इसका विरोध कर रहे है। सवर्ण द्वारा आज राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन दोपहर 2 बजे घंटाघर में सौंपा जायेगा। सवर्ण समाज के पदाधिकारी यहां जुटेंगे। इस बीच मप्र छात्र संघ (एमपीएसयू) ने यूजीसी एक्ट के खिलाफ चुंगी नाका आईटीआई के पास प्रदर्शन किया और जनविरोधी कानून को वापस लेने की मांग की। एमपीएसयू के अध्यक्ष अभिषेक पांडे ने कहा है कि यूजीसी एक्ट के काले कानून का प्रतीकात्मक पुतला भी दहन किया गया। उन्होंने कहा कि यूजीसी के नए नियम छात्रों पर मानसिक व शैक्षणिक दबाव बढ़ायेंगे। इस कानून से समानता के अधिकार को भी ठेस लगी है। इस कानून से शैक्षणिक अधिकारों और भविष्य पर संकट के बादल मंडरा रहे है। मांग की गई है कि नए नियमों को तत्काल वापस लिया जाए। क्योंकि यह नियम छात्रों की पढ़ाई, करियर और शैक्षणिक समानता को सीधा सीधा प्रभावित करता है। प्रदर्शन में अभिषेक पांडे, कृष्णा तिवारी, आकाश खरे सहित सैकड़ों की तदाद में छात्र मौजूद रहे।

### वारदात : लड़की का मजाक उड़ाने की शंका में की युवक से मारपीट

**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ जबरन उठाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। संजीवनीनगर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मड़फैया निवासी 20 वर्षीय मोबाइल दुकान संचालक चंद्रकांत जैन गत दोपहर करीब 12:15 बजे वह अपने घर से मेन रेलवे स्टेशन जाने के लिए निकला था। दोपहर लगभग 12:30 बजे वह क्लब सोडा दुकान के सामने रॉयल चौक मोड़, संजीवनीनगर पहुंचा, तभी यश प्रधान ने उसे आवाज देकर रोका और अपने साथी हर्ष विश्वकर्मा और राम भटेले के साथ मिलकर चंद्रकांत के साथ मारपीट करने लगा। इसके बाद जबरन उसे यश प्रधान की बुलेट मोटरसाइकिल पर बैठाकर न्यू प्लाटिंग साईं कॉलोनी के पास बेड़ी कंस्ट्रक्शन, धनवंतरीनगर ले जाया गया। पीड़ित के अनुसार जब उसने मारपीट का कारण पूछा तो आरोपियों ने कहा कि वह एक लड़की के बारे में बोलकर मजाक उड़ाता है। चंद्रकांत ने इस आरोप से इनकार किया, जिसके बाद आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी।

# हर्षोल्लास से मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस

## स्टेडियम में विधायक बरकडे ने किया ध्वजारोहण







**सिहोरा।** नगर के साथ सभी ग्रामीण क्षेत्रों में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर सभी शासकीय अशासकीय विद्यालयों एंव प्रतिष्ठानों में ध्वजारोहण के साथ शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गये।

### ग्राम रक्षा समिति परेड में हुई शामिल

गणतंत्र दिवस समारोह का मुख्य आयोजन नगर पालिका जनपद पंचायत द्वारा संयुक्त रुप से अरूणाभ घोस स्टेडियम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री के मुख्य आतिथ्य,संतोष बरकडे विधायक की अध्यक्षता तथा नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती संध्या दिलीप दुबे के विशिष्ट आतिथ्य एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, जनपद उपाध्यक्ष दिलीप पटेल की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जहां विधायक बरकडे ने ध्वजारोहण करने के साथ मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया तथा ग्राम रक्षा समिति सहित अन्य स्कूलों के एन सी सी कैडिटों की सयुक्त परेड ने ध्वज सलामी दी तदपश्चात देश की रक्षा में अपने प्राणो का उत्कर्ष करने वाले क्षेत्र के अमर शहीदों के परिजनों का सम्मान किया गया।

### डेढ़ दर्जन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

अरुणाभ घोस स्टेडियम में मारथोमा ग्राम ज्योति, सांदीपनि विद्यालय कैम्पस वन,जनता इग्लिश मिडियम,तक्षशिला,शालेम स्कुल,शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक,ग्राम रक्षा समिति,मिस्पा मिशन स्कूल,हिन्दी स्कुल,सीपी मोरियल,शिक्षा प्रचारक समिति जनता स्कूल,मिस्पा मिशन स्कुल, सरस्वती ज्ञान मंदिर, सांदीपनि विद्यालय कैम्पस टू, शा यशोदा बाई कन्या,ग्राम रक्षा समिति सहित अन्य विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये।

### विधायक कार्यालय में भी हुआ ध्वजारोहण

अपने कार्यालय में ध्वजारोहण विधायक संतोष बरकडे ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे,पार्षद रीता शुक्ला,बेबी पाल,गौरादेवी विश्वकर्मा, लीला बर्मन,ज्योति चक्रवर्ती,जिला उपाध्यक्ष अनुपम सराफ,मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल,अंकित तिवारी,सोनू मिश्रा,किशन जानवानी आदि उपस्थित थे।




# 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर हुआ प्रेरक समारोह

**जबलपुर।** संस्कृति थिएटर, भंवरताल गार्डन में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस अत्यंत गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन निर्वाचन साक्षरता क्लब, जबलपुर के तत्वावधान में किया गया। मुख्य अतिथि डिप्टी सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया श्री सुयश मोहन गुरु ने मतदान को केवल अधिकार नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक दायित्व बताते हुए लोकतंत्र की मजबूती में सक्रिय मतदाताओं की भूमिका पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि बी.डी. दीक्षित ने मताधिकार के कानूनी और नैतिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष तिवारी और उद्घोषिका सुश्री शुभि रिछारिया ने किया। मां सरस्वती वंदना, मतदाता शपथ, स्वरचित मतदाता गीत, चुनाव आधारित नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से लोकतांत्रिक जागरूकता बढ़ाई गई। इस अवसर पर वर्षभर में निर्वाचन जागरूकता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 150 व्यक्तियों, संस्थाओं और क्लबों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसमें डॉ. अरुण शुक्ला, डॉ. राजीव चांडक, डॉ. शुभम जैन, डॉ. भरत सोलंकी, डॉ. नीलेश पांडे, अतीक खान सहित कई अन्य शामिल रहे।

# जनेकृविवि में मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस



**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय (जनेकृविवि) जबलपुर में 27 जनवरी, 2026 को 77वां गणतंत्र दिवस ''गणतंत्रता अमर रहे, गणतंत्र का सम्मान करें'' के उद्घोष के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया और सभी को शुभकामनाएं दीं। कुलपति डॉ. मिश्रा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनेकृविवि ने देश में सोयाबीन, प्रदेश में गेहूं और मध्यभारत में हरित क्रांति के सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विश्वविद्यालय ने किसानों की पैदावार और आय बढ़ाने में भी योगदान दिया है। समारोह में एनसीसी और एनएसएस के छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा दीवाली समृद्धि एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव, उपकुलसचिव, प्रमंडल सदस्य, संकाय अधिष्ठाता, वैज्ञानिक, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं सहित कृषि नगर के नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही प्रशासनिक भवन, कृषि महाविद्यालय और कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में भी क्रमशः कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन, अधिष्ठाता डॉ. जयंत भट्ट और प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. एस.के. प्यासी द्वारा ध्वजारोहण कर सभी को शुभकामनाएं दी गईं।

# जनसुनवाई में पार्षद और ब्लॉक अध्यक्ष ने उठाई दूषित पानी की समस्या



**जबलपुर।** नगर निगम की जनसुनवाई में संजय गांधी वार्ड के पार्षद मोहम्मद कलीम खान और ब्लॉक अध्यक्ष आजम अली खान दूषित पानी की बोतल लेकर पहुंचे। पार्षद कलीम खान ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि उनके वार्ड में जलापूर्ति केवल एक बार होती है, जिससे आम लोग विशेषकर रमज़ान के पवित्र महीने के करीब परेशान हैं। जनसुनवाई में उन्होंने अधिकारियों से जलापूर्ति सुचारू करने और वार्ड में सेप्टिक वेल लगाने की मांग की। मौके पर पार्षद महबूब, इरफान अली, शेख आरिफ, गुलशेर समेत कई लोग मौजूद रहे। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा।

## ध्वजारोहण कार्यक्रम में बाबा साहेब की फोटो नहीं लगाए जाने पर रोष

**भेडाघाट।** सहजपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गडर पिपरिया में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की फोटो नहीं लगाए जाने को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। कार्यक्रम में शासकीय विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया गया, जिसमें ग्राम के नागरिक उपस्थित रहे। ध्वजारोहण से पूर्व बाबा साहेब अंबेडकर की फोटो न रखे जाने पर ग्रामीणों एवं विशेषकर युवाओं में नाराजगी देखी गई। इस संबंध में पूर्व जनपद सदस्य राम प्रसाद चढ़ार द्वारा मौके पर उपस्थित शिक्षिका शैलजा मैडम से चर्चा की गई, किंतु संतोषजनक उत्तर न मिलने से असंतोष और बढ़ गया। घटना को लेकर ग्रामीण युवाओं ने इसे संविधान के रचयिता का अपमान बताते हुए कड़ा रोष व्यक्त किया है। युवाओं ने मामले में जिला कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग करते हुए लिखित आवेदन देने की बात कही है। घटना के बाद गांव में इस विषय को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।



# मुस्लिम शाह बिरादरी ने गणतंत्र दिवस पर की परचम कुशाई और शहीदी दिवस पर अकीदत प्रकट की

**जबलपुर।** मुस्लिम शाह बिरादरी मध्यप्रदेश के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हजरत मजनू शाह मलंग रअ के शहीदी दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हजरत अल्लामा मौलाना अकबर अली मिस्बाही साहब ने की। इस अवसर पर बिरादरी के वरिष्ठ सदस्य हाजी बिलाल शाह, बाबू शाह, इफ्तिखार अहमद मिर्जा, कासिम शाह, शब्बीर शाह, बाबा मोह कलीम शाह, शकील शाह पेंटर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अख्तर शाह, जिला अध्यक्ष हसन शाह, महिला विंग से हिना कौसर एडवोकेट सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में परचम कुशाई की गई और शहीदों को याद कर अकीदत व्यक्त की गई।



# गणतंत्र दिवस पर बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**पाटन।** पाटन क्षेत्र में विद्यालय परिसर में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संतश्री 1008 परमानंद त्यागी महाराज के कर-कमलों द्वारा ध्वज वंदन के साथ हुआ। इस अवसर पर ठाकुर रघुनाथ सिंह (पूर्व सहायक संचालक, कृषि), प्राचार्य चरण सिंह एवं उपप्राचार्य सुजीत सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान गाया गया, जिससे संपूर्ण परिसर देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विशेष आकर्षण बच्चों की बैंड प्रस्तुति रही, जिसे दर्शकों से भरपूर सराहना मिली। इस बैंड को शिक्षक नीरज पटेल के विशेष मार्गदर्शन में तैयार किया गया था। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम और समर्पण का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति के संदेश एवं उत्साहपूर्ण वातावरण के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत गडरपिपरिया में ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न

**भेडाघाट।** शहपुरा भिटोनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गडरपिपरिया में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती गीताबाई, उपसरपंच जितेंद्र पटेल, ग्राम सचिव राकेश सिंह, नीता दुबे, पूर्व जनपद सदस्य राम प्रसाद, वरिष्ठ पत्रकार विजय दुबे, सहायक सचिव रूपेंद्र पटेल, अमरनाथ पटेल, राजेश तिवारी, पंडित पुरुषोत्तम महाराज, मिथिलेश प्रधान, पूरनलाल कुशवाहा, सुरेश कॉल एवं चेतराम प्रधान सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण पहल : राजेश



**पाटन।** स्व. कुंवर शंकर सिंह जनकल्याण नवांकुर संस्था के संयोजन तथा नगर विकास प्रस्फुटन समिति पाटन के अध्यक्ष श्री पवन बर्मन के नेतृत्व में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्राम विकास पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी श्री गणपत बर्मन रहे। मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार राजेश नायक ने कहा कि ग्रामोदय से ही मध्यप्रदेश का सर्वांगीण विकास संभव है और सरकार की यह पहल ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली मातृ शक्तियों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राम नारायण सिंह (स्व. कुंवर शंकर सिंह जनकल्याण नवांकुर संस्था), जितेंद्र राठौर (वीर दुर्गादास राठौर जन मानस कल्याण नवांकुर संस्था) एवं ब्रजभान यादव (अनीता बाई जनकल्याण नवांकुर संस्था) ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता रामराजा यादव ने किया तथा आभार परामर्शदाता श्रीमती प्रियंका जैन ने व्यक्त किया। अंत में परामर्शदाता कामता प्रसाद सेन ने उपस्थितजनों को स्वदेशी अपनाओ की शपथ दिलाई।





# 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास व गरिमा के साथ मनाया गया

**मझौली।** 26 जनवरी 2026 को भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर परिषद मझौली अंतर्गत शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, नगर परिषद कार्यालय एवं अन्य संस्थानों में गणतंत्र दिवस समारोह अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7:30 बजे प्रभातफेरी के पश्चात विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण के साथ हुआ। शासकीय संदीपनी विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती संगीता राय ने तिरंगा फहराया एवं राष्ट्रगान गाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती शिप्रा राजेंद्र चौरसिया, अध्यक्ष नगर परिषद मझौली ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश सिंह ठाकुर, श्रीमती उर्मिला दाहिया (पूर्व जनपद अध्यक्ष मझौली), नगर परिषद उपाध्यक्ष सुनील गामा सोनकर, नगर परिषद के समस्त वार्ड पार्षद, वरिष्ठ समाजसेवी सुभाष सराफ, महेंद्र कोस्टा, पालकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक एवं भाषणों की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दी गईं, जिनके माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान एवं भारतीय संविधान के महत्व को उजागर किया गया।




**श्री बालाराम चौकसे-** मदनमहल स्टेशन रोड निवासी श्री बालाराम चौकसे (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रिमांशु कुशवाहा-** सेठ गोविंददास वार्ड लालमाटी निवासी श्री रामकरण कुशवाहा के पुत्र श्री रिमांशु कुशवाहा (21) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मूलचंद राजपूत-** सैनिक कॉलोनी गुप्तेश्वर शारदा मंदिर रोड निवासी श्री मूलचंद राजपूत (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री निर्मला खेरा-** कृपाल चौक के निकट गुप्तेश्वर निवासी श्री हरचरण सिंह खेरा की पुत्री सुश्री निर्मला खेरा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि बिरहा-** इंडियन कॉफी हाउस के पास सदर निवासी श्री सुभाष बिरहा के पुत्र श्री रवि बिरहा (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रवीण दुबे-** फारेस्ट कॉलोनी बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ गौरीघाट रोड निवासी श्री भीकम दुबे के पुत्र श्री प्रवीण दुबे (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुन बाई खटीक-** खटीक मोहल्ला खेरमाई निवासी श्री नारयण खटीक की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन बाई खटीक (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राकेश लखेरा-** कांचघर झंडा चौक निवासी श्री राकेश लखेरा (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अहिल्या बाई रजक-** साहू मोहल्ला सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री पूरन लाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती अहिल्या बाई रजक का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राधेश्याम विश्वकर्मा-** श्रीनाथ की तलैया गंजीपुरा निवासी श्री राधेश्याम विश्वकर्मा (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सरदार सिंह-** इंद्रपुरी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री सरदार सिंह (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अवसर गुजराती बागड़ी-** घमापुर चौक समदड़िया काम्प्लेक्स के निकट निवासी श्री अवसर गुजराती बागड़ी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चमेली शुक्ला-** लालमाटी शुक्ला होटल सिंधी धर्मशाला के निकट निवासी श्री बीएन शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती चमेली शुक्ला (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती माया मालवीय-** जगदीश मंदिर गढ़ाफाटक निवासी श्री गोपाल कृष्ण मालवीय की धर्मपत्नी श्रीमती माया मालवीय (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्ना सिंह गोंड़-** गंगासागर रोड मदनमहल निवासी श्री मुन्ना सिंह गोंड़ (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राकेश मल्होत्रा-** भार्गव कम्पाउंड आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री राकेश मल्होत्रा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ममता साहू-** बजरंग नगर करमेता कटंगी रोड निवासी श्री सुरेश साहू की धर्मपत्नी श्रीमती ममता साहू (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार मादोताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अरूण कुमार सैनी-** जयनारायण का बाड़ा घमापुर चौक के पास निवासी श्री अरूण कुमार सैनी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री सुधा गोयल-** गौरीघाट रोड पोलीपाथर स्थित कम्पनी गेट के पास निवासी श्री जय नारायण गोयल की पुत्री सुश्री सुधा गोयल (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक नामदेव-** हनुमानताल निवासी श्री दीपक नामदेव (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अयोध्या प्रसाद-** संजय नगर अधारताल पावर हाउस के पास निवासी श्री अयोध्या प्रसाद (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रेमलता कोरी-** बापू नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री गिरजा प्रसाद कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता कोरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मंजू पासी-** सदर कन्या शाला के पास केंट निवासी श्री लल्ला पासी की धर्मपत्नी श्रीमती मंजू पासी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय निगम-** गलगला मुमताज बिल्डिंग के पास निवासी श्री अजय निगम (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश अग्रवाल-** महावीर कम्पाउंड सदर निवासी श्री रमेश अग्रवाल (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गुड्डी बाई सोनकर-** घमापुर पानी की टंकी के पास निवासी श्री शिव नारायण सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती गुड्डी बाई सोनकर (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नंद किशोर जाट-** भरतीपुर बड़ी ओमती निवासी श्री नंद किशोर जाट (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्ना लाल मेहतो-** मप्र हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कांचघर निवासी श्री मुन्ना लाल मेहतो (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राजकुमारी यादव-** रामपुर शंकरशाह वार्ड निवासी श्री पन्नू लाल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी यादव (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती किरन चौधरी-** कांचघर दुर्गा मंदिर के पास निवासी श्री रवि चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती किरन चौधरी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राधा बाई रोहणी-** भीम नगर पोलीपाथर निवासी श्री लखन लाल रोहणी की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बाई रोहणी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रूप लाल प्रजापति-** गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री रूप लाल प्रजापति (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सत्या अयाची-** गंगा मैया व्हीकल निवासी श्री संतोष अयाची की धर्मपत्नी श्रीमती सत्या अयाची (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



# जिले में आन-बान-शान से सर्वत्र फहराया तिरंगा

## गणतंत्र दिवस पर शहर भर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**जबलपुर। सोमवार को गणतंत्र दिवस समारोह पूरे जिले में उल्लास, उमंग और धूमधाम से मनाया गया। स्कूलों, कॉलेजों, मोहल्ले के चौराहों-चौराहों पर विभिन्न संस्थाओं, राजनैतिक दलों व शासकीय कार्यालयों में गरिमापूर्ण समारोह आयोजित कर आन-बान-शान से तिरंगा फहराया गया और सलामी दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी दिन भर धूम रही।**



### भाजपा कार्यालय में फहराया ध्वज

गणतंत्र दिवस पर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर द्वारा रानीताल स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर सभी ने सामूहिक राष्ट्रगान गायन कर ध्वज वंदन किया। इसके उपरांत सभी अतिथियों ने भारतमाता की आरती की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, पकंज दुबे, व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल, आदि उपस्थित थे।

### बालक मंदिर स्कूल में ध्वजारोहण



मध्यप्रदेश विद्युत महिला मंडल द्वारा संचालित बालक मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल, रामपुर में शाला अध्यक्षा डॉ. श्रीमती अंजना तिवारी ने ध्वजारोहण किया। उपस्थित अतिथियों, शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर शाला के बच्चों ने विविध प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों कों भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मनीषा पंवार ने किया।

### एम.पी. ट्रांसको में ध्वजारोहण



77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) का मुख्य समारोह मुख्यालय जबलपुर स्थित स्काडा कंट्रोल सेंटर, नयागांव परिसर में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

### जबलपुर के राजीव जैन को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मान



जबलपुर के निवासी और वर्तमान में मुंबई में पुलिस महानिरीक्षक (आई.जी.) पद पर कार्यरत श्री राजीव जैन को उनके उत्कृष्ट कार्य, पेशेवर दक्षता और उच्च नैतिक मूल्यों के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

श्री जैन ने अपने करियर की शुरुआत एएसपी, तिरोड़ा, जिला गोंदिया से की और एसपी, चंद्रपुर के रूप में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण में सक्रिय भूमिका निभाई। नागपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधीक्षक और मुंबई में डीसीपी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त और विशेष शाखा के प्रमुख के रूप में उन्होंने कानून-व्यवस्था, आर्थिक अपराध और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य किए। वर्तमान में महाराष्ट्र में पुलिस महानिरीक्षक, तटीय सुरक्षा के रूप में कार्यरत श्री जैन ने राज्य की समुद्री सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। राजीव जैन के पिता श्री व्ही.के. जैन भी मध्यप्रदेश पुलिस में लंबे समय तक सेवा दे चुके हैं।




### रेलवे स्टेडियम में जीएम ने फहराया ध्वज

पश्चिम मध्य रेल में 77वाँ गणतंत्र दिवस समारोह उल्लासपूर्वक मनाया गया। मुख्य समारोह रेलवे स्टेडियम जबलपुर में आयोजित किया गया जहाँ महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय द्वारा ध्वजारोहण किया गया। रेलवे सुरक्षा बल ने मार्च पास्ट करके महाप्रबंधक को सलामी दी।



### श्रीनगर पंडित महासभा की पत्रिका का विमोचन

श्रीनगर पंडित महासभा, जबलपुर द्वारा मातेश्वरी गार्डन, चेरीताल में अपनी मुहूर्त पत्रिका का विमोचन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर परमपूज्य द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी ने पंडितों को शुचिता एवं वेद-विद्यापूर्ण कर्मकांड संपन्न करने की प्रेरणा दी और कहा कि इससे यजमान और सम्पूर्ण जगत का कल्याण होता है। शंकराचार्य ने बच्चों में शुभ संस्कार डालने, ज्ञान और विज्ञानमयी शिक्षा देने, चंदन तिलक और रक्षा सूत्र बांधने का महत्व बताया। महासभा के महामंत्री ज्योतिषाचार्य पं. संतोष शास्त्री ने कहा कि नगर पंडित सभा अपने पौरोहित्य कर्म से समाज को संस्कारित करती है और सोलह संस्कार संपन्न कराकर सभी के सुख-समृद्धि की कामना करती है। इस अवसर पर अध्यक्ष पं. रमेश दुबे, महामंत्री पं. संतोष शास्त्री, कोषाध्यक्ष पं. दीपू तिवारी, विधायक पं. डॉ. अभिलाष पाण्डेय, उपाध्यक्ष पं. अशोक पाण्डेय सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

### पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में गणतंत्र दिवस समारोह भव्य एवं गरिमामय रूप से संपन्न



**जबलपुर** । मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य और गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक विशेष गढ़पाले द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। समारोह में कंपनी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। व्यक्तिगत श्रेणी में 21 और सामूहिक श्रेणी में 29 कार्मिकों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र, रजत पदक और नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। सामूहिक श्रेणी की टीम लीडर को विशेष शील्ड भी दिया गया।

सम्मानित कार्मिकों ने विद्युत वितरण, उपभोक्ता सेवा, तकनीकी नवाचार, स्मार्ट मीटरिंग, आईटी प्रणालियाँ, प्रशिक्षण, प्रशासन और वित्तीय प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सराहनीय योगदान दिया। समारोह में विशेष रूप से उपस्थित रहे— जनरेशन कंपनी के प्रबंध संचालक श्री मंजीत सिंह, पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक श्री सुनील तिवारी और पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) श्रीमती संपदा सराफ गुर्जर, साथ ही विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, महिला कार्मिक, सेवानिवृत्त कर्मचारी और उनके परिवार।

### यश हायर सेकंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस पर हुआ भव्य आयोजन




यश हायर सेकंडरी स्कूल की अधारताल और गोहलपुर शाखाओं में गणतंत्र दिवस का पर्व उत्साह, गरिमा और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। दोनों परिसरों में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान और विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को प्रेरणादायी बना दिया। अधारताल शाखा में प्राचार्या श्रीमती सोनल तिवारी और गोहलपुर शाखा में प्राचार्या श्रीमती वर्षा झारिया ने ध्वजारोहण कर समारोह की शुरुआत की। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. विजयकांत तिवारी ने अपने उद्बोधन में संस्कार, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति निष्ठा को मजबूत भारत की आधारशिला बताया और विद्यार्थियों को कर्तव्यबोध के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। समारोह में देशभक्ति गीत, नृत्य और लघु नाटिकाओं ने दर्शकों का मन मोह लिया। अधारताल शाखा में श्रेया तिवारी, अतुल श्रीवास्तव, सुषमा तिवारी, अशोक येवले और गोहलपुर में रविशंकर तिवारी, अंजली श्रीवास्तव, ज्योति यादव, रश्मि त्रिपाठी, निशा सिंह सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे। विद्यालय का सांस्कृतिक दल पुलिस ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। स्काउट कोऑर्डिनेटर राहुल राजपूत को जिला प्रशासन द्वारा स्काउटिंग में योगदान के लिए सम्मान मिला।


### श्री नवम दुर्गा उत्सव समिति ने किया कथावाचन का आयोजन

श्री नवम दुर्गा उत्सव समिति के तहत रेलवे क्रॉसिंग हाथीताल में श्री मद्भागवत कथा के पांचवें दिवस का आयोजन हुआ। कथा वाचक श्री सतीश कृष्ण चंद्र शास्त्री जी ने गोवर्धन पूजा के प्रसंग में बताया कि किस प्रकार भगवान श्री कृष्ण ने गिरिराज पर्वत को अपनी उंगली पर धारण कर बृजवासियों को इंद्र के प्रकोप से बचाया। कथा में बाल लीला, माखन चोरी और अन्य लीलाओं का वर्णन भी किया गया। व्यास पीठ का पूजन पराते परिवार दिनेश शुक्ला, समर्थ शुक्ला, कविता शुक्ला, भावना पराते सहित) द्वारा किया गया। छठे दिन कथा में मां रुक्मणी के विवाह का प्रसंग होगा।



### अहिंसा है भारत की आस्था : प्रमाणसागरजी

गणतंत्र दिवस है। आज का दिन भारत को जानने और समझने का दिन है। भारत की पुर्नप्रतिष्ठा का दिन है। भारत की शक्ति को सार्वभौमिक बनाने का दिन है। जिस पल हम भारत और भारतीयता को समझेंगे उसी क्षण हमारे चिन्तन की धारा बदलेगी। भारत एक आस्था है, अहिंसा भारत की आस्था है। वसुदैव कुटुम्बकम की उस भारत को हम समझें। भारत साधना को प्रमुखता देता है। जहाँ नर से नारायण बनने का मार्ग है। आत्मा से परमात्मा बनने का मार्ग है वह भारत है । भारत के पास जो दृष्टि है वह उसे महान बनाती है। भारत तत्व ज्ञान के बल पर विश्व गुरु बनने की क्षमता रखता है। आज हम एक प्रण ले कि हम स्वदेशी वस्तुओं को लेंगे क्योंकि हमें अपने देश से प्यार है। गुरुदेव (आचार्य श्री विद्यासागर महाराज) चार बातें कहते थे स्वदेशी, स्वभाषा, स्वरोजगार, स्वाबलंबन, इन्हें प्राथमिकता दीजिए। युवाओं के हृदय में आस्था और भारतीयता जगाना है। यदि हम विदेशी साम्रगी का उपयोग करते हैं तो हम बाहरी ताकतों को मजबूत करते हैं यदि हमें अपने देश को मजबूत करना है तो स्वदेश प्रेम जरुरी है। डी.एन.जैन महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित धर्म सभा मे आचार्य श्री विद्यासागर के समाधी दिवस पर मुनिश्री ने विनयांजली देते हुए कहा कि आज गुरुवर का समाधी दिवस है।



### ए.पी.एन. ग्रुप में फहराया गया तिरंगा




ए.पी.एन. ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टिट्यूशन्स में 77वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रगान के साथ एन.सी.सी. कैडेटों ने शानदार परेड प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि चमन श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता शहीदों के बलिदान और संविधान द्वारा सुनिश्चित अधिकारों के माध्यम से प्राप्त हुई है। उन्होंने सभी नागरिकों से देश के विकास में सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें देशभक्ति गीत और नाटक “ताना जी” शामिल थे। उपस्थितजनों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष ठाकुर शैलेन्द्र सिंह, संस्था प्रबंधक तुलसी दास द्रविड, महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सोनल खरे, स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं और विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के संचालन और आयोजन में कई शिक्षक/शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



### नर्मदा सेवा समिति ने सरस्वती कॉलोनी में किया सामूहिक सुहागलों का आयोजन

**जबलपुर।** सनातन धर्म और भगवान में अटूट श्रद्धा और विश्वास लोक परलोक में यश कीर्ति सुख समृद्धि और प्रभुपद की प्राप्ति इसी भाव से माघ मास के शुक्ल पक्ष में नर्मदा मैया की विशेष कृपा से प्रतिवर्षानुसार नर्मदा सेवा समिति के नवीन-संध्या नेमा द्वारा सरस्वती कॉलोनी में सामूहिक सुहागलों का पूजन कार्यक्रम बहुत ही आनन्द उमंग उत्साह और हर्षोल्लास से किया गया।समिति के सदस्यों द्वारा लगभग एक माह पूर्व से ही तैयारी की गई।आसपास के क्षेत्रों से माताओं,बहनों ने आमंत्रण स्वीकार कर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। लाल,पीले,हरे गुलाबी, सतरंगे लिवास और सोलह श्रंगार से आभूषित सैकड़ों माताएं,बहने सभी ने सात चौकी पर लाल आसान देकर ओसान माता का आवाहन करके विधि विधान से पूजन अर्चन कर पति परमेश्वर की लंबी आयु का आशीर्वाद प्राप्त किया।अंत में भोग स्वरूप भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजन को सफल बनाने में कीर्ति पांडे,अनिता गुप्ता,अर्चना पटेल, अन्नू गुप्ता,वीणा नेमा,मनीषा श्रीवास्तव,अनीता साहू,रेखा खरे,कीर्ति ताम्रकार,रोशनी साहू सहित दुर्गा मंदिर समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नेमा,दीपू बहरे,सुनील ताम्रकार,प्रशांत गुप्ता,गुरु पटेल,कृष्णकांत शुक्ला,नितिन दुबे,आशीष नेमा,अरविंद शर्मा,नंद कुमार साहू,श्याम कोष्टा,अमर केवट,दीपक यादव आदि का विशेष योगदान रहा।

### सवर्ण समाज आज करेगा UGC कानून के विरोध में प्रदर्शन, सौंपेगा ज्ञापन

**जबलपुर।** विप्र जनों को भारत सरकार द्वारा लागू किए गए नए UGC कानून से बच्चों के भविष्य पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका से आक्रोशित है। इसके विरोध में सवर्ण समाज की बैठक में विरोध प्रदर्शन का निर्णय लिया गया। इस बैठक में यह तय किया गया कि 28 जनवरी को दोपहर 2:00 बजे घंटाघर में सभी सदस्य एकत्र होकर ज्ञापन देंगे और कानून के विरोध में अपनी आवाज़ उठाएंगे। आयोजकों ने सभी समाजजनों से उपस्थित होकर इस विरोध प्रदर्शन में भाग लेने की अपील की है।



**जबलपुर।** हरिभूमि के सिविक सेंटर स्थित कार्यालय में यूनिट हैड अनुरोध पटेरिया द्वारा ध्वजारोहण किया गया।




# प्रमोशन में आरक्षण का मामला

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

# पुरानी पॉलिसी में किन सुधारों के बाद नई प्रमोशन नीति लाई गई

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट में प्रमोशन में आरक्षण को लेकर लंबित मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अजाक्स और सपाक्स की ओर से दलीलें पूरी की गईं। सपाक्स ने हाईकोर्ट के सामने कर्मचारियों के ग्रेडेशन के आंकड़े भी रखे। मामले पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा कि नई प्रमोशन पॉलिसी में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का कहां पर पालन किया गया है। कोर्ट ने यह भी पूछा कि आरबी राय मामले में बताई गई कमियों को पूरा करने के लिए सरकार ने क्या किया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने पूछा कि पुरानी पॉलिसी में किन सुधारों के बाद नई पॉलिसी लाई गई है? मामले पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब देने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई 3 फरवरी को नियत की है।



अजाक्स की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ केएस चौहान एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने पक्ष रखते हुए हाईकोर्ट को बताया कि प्रमोशन 2025 के नियम 11 (1,2,3) सहित अन्य नियम पूर्णतः असंवैधानिक है। क्योंकि उक्त नियम सर्वप्रथम आरक्षित वर्ग की ग्रेडेशन लिस्ट बनाने का प्रावधान करता है। आरक्षित वर्ग के कर्मचारी जो मेरिट के आधार पर पदोन्नति हुए हैं उनको भी आरक्षित वर्ग में गणना करने का यह नियम प्रावधान करता है। एससी-एसटी वर्ग के लिए मेरिट पर प्रमोशन से संबंधित कोई भी प्रावधान नियमों में मौजूद नहीं है। भारत का संविधान एवं सुप्रीम कोर्ट के इंदिरा साहनी के जजमेंट सहित कई फैसले हैं। जो स्पष्ट प्रावधान करते हैं कि सर्वप्रथम अनारक्षित वर्ग में प्रमोशन होंगे। तत्पश्चात आरक्षित वर्ग के एवं जो कर्मचारी मेरिट के आधार पर अनारक्षित में चयनित होंगे उनकी गणना आरक्षित वर्ग में किए जाने का उक्त नियमों मे प्रावधान है।

सरकार का नया नियम पूर्ण रूप से सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के प्रतिकूल है। इस पर हाई कोर्ट के द्वारा कहा गया कि जब नियमों में इतनी बड़ी त्रुटि है तो आपने इससे चैलेंज क्यों नहीं किया। इस पर अजाक्स संघ की ओर से कहा गया कि संघ नहीं चाहता है कि न्यायिक प्रक्रिया के कारण प्रमोशन बाधित हो। सपाक्स की ओर से अधिवक्ता अमोल श्रीवास्तव ने पक्ष रखा।

## व्यापमं घोटाले की आरोपी महिला डाक्टर को देश न छोड़ने की शर्त पर मिली राहत

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश के बहुचर्चित व्यापमं घोटाले की आरोपी डा. आकांक्षा तोमर को कुछ शर्तों के साथ राहत दी है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस हिमांशु जोशी की डिवीजन बेंच ने साफ किया है कि यदि याचिकाकर्ता निर्धारित समय-सीमा में रूरल सर्विस बांड की राशि जमा कर देती हैं, तो केवल व्यापमं जांच लंबित होने के आधार पर उन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र से वंचित नहीं किया जा सकता। हालांकि, कोर्ट ने जांच एजेंसियों की आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ता पर कड़ी शर्तें लगाते हुए उसके देश छोड़ने पर सशर्त रोक भी लगा दी है।

> नियत समय-सीमा में रूरल सर्विस बांड राशि जमा करने पर एनओसी ने नहीं किया जाएगा

ग्वालियर निवासी आकांक्षा तोमर ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर यह मांग की थी कि उन्हें रूरल सर्विस बांड से छूट दी जाए या फिर बांड की राशि जमा कर एनओसी जारी करने का आदेश दिया जाए। राज्य शासन की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता जान्हवी पंडित की दलील थी कि व्यापमं घोटाले की जांच अभी लंबित है और बांड समाप्त होने पर याचिकाकर्ता निगरानी क्षेत्र से बाहर जा सकती हैं। हाई कोर्ट ने कहा कि केवल आशंका के आधार पर याचिकाकर्ता के संवैधानिक अधिकारों को रोका नहीं जा सकता, जब जांच एजेंसी के हितों की रक्षा शर्तों के माध्यम से की जा सकती है। अदालत ने माना कि उचित सुरक्षा उपाय अपनाकर याचिकाकर्ता की स्पेशल कोर्ट और जाँच एजेंसियों के सामने उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है। हाई कोर्ट ने याचिका का निपटारा करते हुए निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता 30 दिनों के भीतर ग्रामीण सेवा बांड की राशि जमा करें। आधार कार्ड, पैन कार्ड और पासपोर्ट की प्रतियां जमा करें। करीबी रिश्तेदारों से इंडेम्निटी बांड प्रस्तुत करें। दो जमानतदारों के साथ लिखित अंडरटेकिंग दें। सीबीआई कोर्ट की अनुमति के बिना देश छोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। देश से बाहर जाने के लिए संबंधित व्यापमं मामला जिस सीबीआई कोर्ट में लंबित है, भोपाल, जबलपुर व ग्वालियर उसकी अनुमति अनिवार्य होगी। इन शर्तों के पूरा होने पर, यदि कोई अन्य कानूनी बाधा नहीं है, तो राज्य शासन को याचिकाकर्ता के पक्ष में एनओसी जारी करनी होगी।

## बैंक कर्मियों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की

# हड़ताल : सप्ताह में 5 दिन काम की मांग

हरिभूमि जबलपुर।



बैंक कर्मचारी यूनियनों के नौ घटकों की देशव्यापी हड़ताल का असर मंगलवार 27 जनवरी को जबलपुर में देखा गया । शहर के प्रमुख एक दर्जन राष्ट्रीयकृत बैंकों में ताले लटके हुए हैं। पूर्वान्ह में यूनियन पदाधिकारी सिविक सेंटर में एकत्रित हो नारेबाजी करते नजर आ रहे हैं। यह हड़ताल यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर बुलाई गई है। फारम की प्रमुख मांग है कि बैंकों में हफ्ते में 5 दिन काम को तुरंत लागू किया जाए। यूनियन के अभिषेक सिन्हा ने उक्त हडताल की जानकारी देते हुए बताया कि मार्च 2024 में भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के साथ हुए वेतन संशोधन समझौते में माह के सभी शनिवारों को छुट्टी देने पर सहमति बनी थी, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया है। फिलहाल बैंक कर्मचारी हर महीने दूसरे और चौथे शनिवार को ही छुट्टी पर रहते हैं, जबकि बाकी दो हफ्तों में उन्हें 6 दिन काम करना पड़ता है। उन्हेंने बताया कि बैंकों को छोडकर अन्य सभी वित्तीय संस्थानें में पांच दिन के सप्ताह को मान्यता है परंतु बैंकों को इससे अछुता रखा गया है जबकि बैंक कमी हर स्थिति में सरकार की योजनाओं में पूरा समर्पण देते आ रहे हैं इसी व्यवस्था के विरोध में यह हड़ताल की जा रही है। इस हड़ताल में देशभर के 12 सरकारी बैंकों के कर्मचारी शामिल हैं। इनमें प्रमुख रूप से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक,बैंक ऑफ बड़ौदा,बैंक ऑफ इंडिया,केनरा बैंक, इंडियन बैंक सहित अन्य सरकारी बैंक शामिल हैं। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि अभी उक्त मांग को लेकर मंगलवार को एक दिन की सांकेतिक हडताल की गई है परंतु सरकार यदि मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं करती तो आगामी दिनों में चरणबद्ध तरीके से 3दिन सप्ताहभर और फर अनिश्चितकालीन हडताल की जाएगी।

## हृदय नगर में अचानक उतरा सेना का पैराशूट, ग्रामीणों में कोतूहल : पहाड़ी पर भीड़ जुटी

**जबलपुर।** सिहोरा तहसील के अंतर्गत गोसलपुर के समीप ग्राम हृदय नगर में सोमवार को गणतंत्र दिवस के उत्साह के बीच अचानक आसमान से एक बडा सैन्य पैराशूट अनियंत्रित होकर नीचे की ओर आने लगा। जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर जबलपुर के सैन्य इलाके से अभ्यास के दौरान उड़ा यह भारी-भरकम पैराशूट तेज हवाओं के भारी दबाव के कारण रास्ता भटककर उड़ते-उड़ते हृदय नगर की खेरमाता मंदिर वाली पहाड़ी के पास लैंड हुआ। जैसे ही ग्रामीणों ने आसमान से इस विशाल गुब्बारे नुमा आकृति को जमीन पर उतरते देखा तो थोडी ही देर में लोगों की भीड़ पहाड़ी की ओर दौड़ पड़ी। शुरुआत में ग्रामीण इसे देखकर हैरत में थे लेकिन जैसे-जैसे यह पैराशूट जमीन के करीब आया लोगों को समझ आया कि यह भारतीय सेना के अभ्यास का हिस्सा है जो तकनीकी कारणों या हवा के रुख की वजह से इस रिहायशी इलाके की ओर आ गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पैराशूट का वजन काफी अधिक था और हवा में इसकी अनियंत्रित गति को देखकर एक समय ऐसा लगा कि यह किसी घर या बिजली के तारों पर गिर सकता है लेकिन गनीमत रही कि इसकी लैंडिंग पहाड़ी के खुले इलाके में हुई। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस की टीम भी सतर्क हो गई थी। इस मामले में सैन्य विशेषज्ञों का मानना है कि अक्सर अभ्यास के दौरान ऊँचाई पर चलने वाली तेज हवाएं पैराशूट की दिशा बदल देती हैं और चूंकि सोमवार को मौसम में ठंडक और हवा का दबाव अधिक था इसलिए यह पैराशूट गोसलपुर क्षेत्र तक पहुँच गया।


## महिला चिकित्सक के अपहरण को लेकर सनसनी

# आईएमए ने कलेक्टर, एसपी को पत्र लिखा, दूसरे पक्ष ने पेश की सफाई

हरिभूमि जबलपुर।

जिला चिकित्सालय में नेत्र रोग विशेषज्ञ रह चुकी नगर की वरिष्ठ चिकित्सक 72 वर्षीय डॉ. हेमलता श्रीवास्तव का कथित तौर पर अपहरण किए जाने पर हड़कंप मच गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए ) ने आरोप लगाया है कि डा. हेमलता श्रीवास्तव को कुछ लोग करोड़ों की संपत्ति हड़पने की नीयत से जबराना कार में बैठाकर ले गए हैं।

गौरतलब हो कि डॉ. हेमलता राइट टाउन स्थित अपने बंगले में अकेली रहती थीं। उनके पुत्र डॉ. रचित


Health
2025-26
Dr. Richa Sharma
To,
The Collector,
Jabalpur
Copy : SP Jabalpur Police
REGISTERED WILL
Please attend to this matter seriously and urgently and get her shifted to an ICCU so that a senior doctors life is saved and a ... REGISTERED WILL investigated and nullified. In all this game plan her sister, who is a gynecologist is hand in glove and refusing her treatment and wants her to die.
Thank you
With regards,
President
Dr Richa Sharma

श्रीवास्तव का चार वर्ष पूर्व तथा पति महेश श्रीवास्तव का कुछ समय पहले निधन हो चुका है। डॉ. हेमलता वर्तमान में शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ बताई जा रही हैं। सोमवार की शाम के सामने आए एक वीडियो में सफेद कार में सवार कुछ लोग उन्हें ले जाते दिख रहे हैं। कार का नंबर आंशिक रूप से मिटा हुआ था। जब पड़ोसी डॉ. अभिजीत मुखर्जी ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो कार सवारों ने गायत्री मंदिर में बात करने का हवाला दिया।

इसके बाद मामले की जानकारी जबलपुर आईएमए तक पहुंची और तब आईएमए की अध्यक्ष डॉ.ऋचा शर्मा ने इस सिलसिले में कलेक्टर और एसपी को पत्र लिखकर गंभीर आरोप लगाए हैं. प्रेषित पत्र में उल्लेख किया गया है कि 22 जनवरी 2026 को डॉ. हेमलता की खराब मानसिक स्थिति का फायदा उठाकर धोखाधड़ी से उनकी 20 हजार स्क्वॉयर फीट जमीन और बंगला गायत्री मंदिर के नाम करा लिया गया है। आईएमए ने डॉ. हेमलता की अपनी बहन (जो स्वयं स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं) की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं. आरोपित है कि डॉक्टर को इलाज के लिए आईसीयू की जरूरत है, लेकिन उन्हें जानबूझकर मंदिर ले जाया गया ताकि इलाज के अभाव में उनकी मृत्यु हो जाए और संपत्ति पर कब्जा किया जा सके। इस संबंध में मदन महल थाना प्रभारी धीरज राज के अनुसार, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बहन ने दी सफाई

इस मामलें के तूल पकड़ने के बाद गायत्री परिवार से जुड़ी डॉक्टर अमिता सक्सेना ने सफाई देते हुए कहा कि डॉक्टर हेमलता श्रीवास्तव मेरी सास के पास आती थी और दो साल से गायत्री परिवार को संपत्ति दान किए जाने की बात चल रही थी। उनकी स्त्री रोग विशेषज्ञ बहन भी अपनी संपत्ति गायत्री परिवार को दान कर चुकी है। डॉक्टर अमिता सक्सेना ने आगे कहा कि आसपास के चिकित्सकों पर डॉक्टर हेमलता की संपत्ति पर नजर होने का भय था। इसी वजह से उन्हें आसपास के किसी अस्पताल में भर्ती नहीं कराना चाहते थे। उनका किसी तरह अपहरण नहीं किया गया, वरन कार में बैठाकर मंदिर के दर्शन कराने ले जा रहे थे। डॉक्टर अमिता सक्सेना के मुताबिक, डॉ. हेमलता की इच्छा थी कि बीमार रहती हूं इसलिए मुझे एक बार मंदिर के दर्शन करा दिए जाए। इसी वजह से उनकी इच्छा के मुताबिक उन्हें कार में बैठाकर मंदिर के दर्शन कराने ले जा रहे थे, जिसे वीडियो बनाकर अपहरण किए जाने का प्रचार किया गया। उन्होंने कहा कि इस मामलें में आईएएम का पत्र लिखना भी गलत है। जिन डॉक्टरों ने उनकी जमीन पर गलत तरीके से कब्जा किया, उन्होंने किया या किसी ओर ने प्रमोट किया वह भी डॉक्टर हेमलता की जमीन को विवाद में डालना चाह रहे है। गायत्री परिवार से जुड़ी डॉ.अमिता सक्सेना ने आगे कहा कि डॉक्टर हेमलता श्रीवास्तव, संस्था को दान करना चाहती है इसमें लोगों को किसी तरह की आपत्ति नहीं होनी चाहिए। वास्तविकता यही है कि वह और उनकी बहन गायत्री परिवार को अपनी संपत्ति दान करना चाहती है और इससे दूसरों को आपत्ति हैं। इस मामलें में हम न्यायपूर्ण कार्रवाई करेंगे।

## एकलव्य हॉस्टल से 3 छात्र गायब, परिजनों ने गोरखपुर थाने में जताया आक्रोश

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अंतर्गत रामपुर स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहे तीन छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए हैं, सोमवार रात को हुई इस घटना के बाद सिवनी और बालाघाट से आए परिजनों ने मंगलवार को गोरखपुर थाने पहुंचकर जमकर आक्रोश व्यक्त किया। लापता छात्रों के परिजनों का कहना है कि उन्हें सोमवार रात को सूचना मिली थी कि खाना खाने के बाद से बच्चे गायब हैं। मंगलवार दोपहर जब वे हॉस्टल पहुंचे, तो प्रबंधन ने उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। परिजनों ने आरोप लगाया कि गोरखपुर थाना पुलिस उनकी शिकायत पर गंभीरता से कार्यवाही नहीं कर रही है। गौरतलब है कि रामपुर स्थित यह हॉस्टल पिछले कुछ दिनों से लगातार विवादों और सुर्खियों में बना हुआ है। कुछ समय पहले ही यहां के छात्र मूलभूत सुविधाओं और अव्यवस्थाओं को लेकर सुबह-सुबह रैली की शक्ल में कलेक्टर से मिलने निकल पड़े थे। उस वक्त एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला था। इस घटना ने हॉस्टल की सुरक्षा व्यवस्था और प्रबंधन की लापरवाही को एक बार फिर उजागर कर दिया है। परिजनों के भारी आक्रोश और हंगामे के बाद गोरखपुर थाना पुलिस ने गुमशुदगी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि बच्चों की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## कैसिंल पार्सल के 7 लाख के मोबाइल जब्त

# प्रायवेट कंपनी का कर्मचारी निकला चोरी का आरोपी



**जबलपुर।** थाना गढ़ा में फ्लिपकार्ट हब से महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान की चोरी का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने फ्लिपकार्ट आफिस में चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटी देवन के सामने दीक्षितपुरा कोतवाली निवासी 38 वर्षीय रीतेश यादव मामा होटल के सामने मदनमहल चौक स्थित इस्टाकार्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड (फ्लिपकार्ट) में सीनियर टीम लीडर के पद पर पदस्थ हैं, जहां ऑनलाइन खरीदे गए सामान की डिलीवरी का कार्य होता है।

रीतेश यादव के अनुसार, साहिल साहू निवासी शारदा चौक, गढ़ा, फ्लिपकार्ट हब में हब एसोसिएट के रूप में कार्यरत था। उसका काम हब (ऑफिस) खोलना, वाहनों से आए शिपमेंट की अनलोडिंग कराना, वापस भेजे जाने वाले शिपमेंट को गाड़ी में लोड कराना तथा इस दौरान शिपमेंट की सुरक्षा करना था। हब से कस्टमर द्वारा कैंसिल किए गए पार्सल मदर हब इंदौर भेजे जाते हैं।

कंपनी की लॉस टीम द्वारा मेल के माध्यम से जानकारी दी गई कि हब से भेजे जाने वाले बैग में पार्सल कम पाए जा रहे हैं। जांच और मिलान करने पर आईफोन, मोबाइल, ब्रेसलेट सहित कुल 15 कीमती आर्टिकल्स, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 7 लाख रुपये है, गायब पाए गए। यह चोरी 30 जुलाई 2025 से 7 जनवरी 2026 के बीच की गई।

हब में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने पर कर्मचारी साहिल साहू को बैग से शिपमेंट के आर्टिकल चोरी करते हुए देखा गया। इस आधार पर थाना गढ़ा में आरोपी के खिलाफ धारा 306 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस द्वारा गठित टीम ने सक्रियता से तलाश करते हुए शारदा चौक, गढ़ा निवासी 23 वर्षीय आरोपी साहिल साहू को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए सामान में से 6 आईफोन और 1 मोबाइल, जिनकी कीमत लगभग 6 लाख रुपये जप्त किए गए हैं।

## नवविवाहित प्रेमी युगल को सुरक्षा प्रदान करें दमोह एसपी

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने दमोह एसपी को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ता नवविवाहित प्रेमी युगल को सुरक्षा प्रदान करें। नवविवाहित प्रेमी युगल की याचिका पर जस्टिस बीपी शर्मा की सिंगल बेंच ने यह निर्देश दिया। दमोह के हटा निवासी स्वयं अग्रवाल एवं आर्या मिश्रा की ओर से कोर्ट को बताया गया कि कुछ समय पूर्व दोनों ने आपसी सहमति से हिन्दू रीति रिवाज से प्रेमविवाह किया है। युवती के परिजनों द्वारा विरोध किया जा रहा है और दोनों याचिकाकर्ताओं को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। युवक की हटा स्थित किराना दुकान को खोलने पर भी उसमें आग लगाने की धमकी दी गयी। याचिकाकर्ताओं ने 7 जनवरी इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी। कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240